an>

Title: Regarding financial assistance to naxal affected district of Sheohar in Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

मैं इस सदन को सूचित करना चाहती हूं कि मेरा संसदीय क्षेत्र शिवहर एक नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र है। यह क्षेत्र नेपाल की सीमा से जुड़ा हुआ है, जहां से वामपंथी एवं माओवादी आकर नक्सलवादी गतिविधियां करते हैं। नक्सलवाद से प्रभावित रहने के कारण शिवहर में जन सुविधा का अभाव रहा है और वहां विकास को कोई विशेष गति नहीं मिल पाई है। आज भी शिवहर जिला शिक्षा की दृष्टि से काफी नीचे है। गांव में सड़क सम्पर्क मार्ग नहीं बने हैं। सिंचाई साधनों एवं पुलों की संख्या वहां की आवश्यकता के हिसाब से काफी कम है। कौशल विकास के कई कार्यक्रम नक्सलवाद के कारण प्रभावित हैं।

मेरे संसदीय क्षेत्र शिवहर को नक्सलवाद प्रभावित होने के कारण विशेष केन्द्रीय सहायता मिल रही थी। किन्तु, केन्द्र सरकार के माध्यम से 'आकांक्षी जिला कार्यक्रम' की संरचना की गयी, जो नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए बनाई गई थी। इसमें 35 जिले शामिल हैं, जिनमें बिहार के गया, नवादा, जमुई, औरंगाबाद और मुज़फ्फरपुर जिले भी शामिल हैं। किन्तु न जाने उसमें से शिवहर जिले को क्यों काट दिया गया, जबकि आज भी शिवहर जिला नक्सलवाद से प्रभावित है एवं विशेष केन्द्रीय सहायता कार्यक्रम के द्वारा वहां सुरक्षा एवं विकास योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार द्वारा घोषित 'आकांक्षी जिला कार्यक्रम' में मेरे संसदीय क्षेत्र को न्याय नहीं मिला है। शिवहर की सुरक्षा एवं विकास के लिए जो योजनाएं चल रही थीं, अब वे सभी प्रभावित होंगी, जिससे बिहार का अत्यंत पिछड़ा जिला नक्सलवाद के हाथों असुरक्षित हो जाएगा।

अत: सदन के माध्यम से मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि नक्सलवाद से प्रभावित जिला शिवहर को गृह मंत्रालय द्वारा 'वामपंथ एवं उग्रवाद पीड़ित जिले' में शामिल किया जाए, जिससे पूर्व की भाँति शिवहर जिले को विशेष केन्द्रीय सहायता के स्थान पर नई घोषित योजनाएं, जैसे 'आकांक्षी जिला कार्यक्रम' के तहत सुरक्षा एवं विकास संबंधी लाभ पहुंच सके।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष:

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं

डॉ. कुलमणि सामल को श्रीमती रमा देवी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।